>

Title: Need to set up a National Institute for Coastal Policing in Gujarat.

श्रीमती जयश्रीबेन पटेल (महेसाणा): गुजरात राज्य की लंबी एवं संवेदनशील समुद्री सीमा है तथा गुजरात जो मरीन टेरर से जूझ रहा है उसको ध्यान में रखकर कॉस्टल सिक्युरिटी से फेज-1 के अंतर्गत मरीन पुलिस स्टेशन चेक पोस्ट तथा आउट पोस्ट की स्थापना की गयी है। 12 और 50 टन की बोट द्वारा कॉस्टल पेट्रोलिंग की जाती है। संपूर्ण देश में फेज - 1 की कार्यवाही पूर्ण करने में गुजरात प्रथम स्थान पर है। फेज-2 की कार्यवाही चालू है। अब तक के अनुभव से यह पता चला कि समुद्री सीमा फर्ज अदा करने में तथा ऑफशोर पेट्रोलिंग में विशिष्ट प्रकार की तालीम अनिवार्य है। अतः विशिष्ट कार्य अनुरूप जरूरी बेसिक तालीम तथा पेट्रोलिंग बोट के ऑपरेशन, मेंटेनन्स इत्यादि हेतु स्पेशियल कोर्स शुरू करने की आवश्यकता है।

हाल में भारत सरकार, गृह मंत्रालय के ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट की तरफ से नेशनल इंस्टीटयूट फॉर कॉस्टल पोलिसिंग शुरू करने का विचार है। इस प्रकार की इंस्टीटयूट की स्थापना हेतु गुजरात राज्य में भौगोलिक तथा इंफ्रास्ट्रकचर सुविधाएं पर्याप्त रूप में उपलब्ध हे।

अतः मैं सरकार से अनुरोध करती हूं कि सुरक्षा विषयक तथा सुविधा को ध्यान में रखकर " नेशनल इंस्टीटयूट फॉर कॉस्टल पोलीसिंग " की गुजरात राज्य में स्थापित की जाए।